# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सीoईoएन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** गन्ने से चीनी उत्पादन का उपोत्पाद, शीरा, किण्वन के माध्यम से निम्नलिखित में से किस कार्बन यौगिक के उत्पादन के लिए प्रभरण-स्टॉक (feedstock) के रूप में उपयोग किया जा सकता है?

Ans A). प्रोपेनोइक अम्ल (propanoic acid) B). प्रोपेनाल (propanal) C). ब्यूटेनोन (butanone) D). एथेनॉल (ethanol)

**Correct Answer: D**

**Q.2** निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए: $CuO(s) + H_2(g) \rightarrow Cu(s) + H_2O(l)$

कौन-सा विकल्प, इस अभिक्रिया में होने वाले ऑक्सीकरण–अपचयन में परिवर्तन की सही पहचान करता है?

Ans A). कॉपर और हाइड्रोजन दोनों ऑक्सीकृत होते हैं B). हाइड्रोजन ऑक्सीकृत होता है जबकि CuO अपचयित होता है C). कॉपर ऑक्सीकृत होता है जबकि $H_2$ अपचयित होता है D). हाइड्रोजन अपचयित होता है जबकि CuO ऑक्सीकृत होता है

**Correct Answer: B**

**Q.3** कायिक प्रवर्धन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans A). बीज-धारक संरचनाओं से नए पादप विकसित होते हैं। B). संतति आनुवंशिक रूप से जनक के समान होते हैं। C). तनों, मूलों या पत्तियों से नए पौधे उत्पन्न होते हैं। D). इस प्रक्रम में केवल एक जनक सम्मिलित होता है।

**Correct Answer: A**

**Q.4** कॉपर ऑक्साइड और हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की अभिक्रिया में, विलयन _______ हो जाता है।

Ans A). हाइड्रोजन गैस के कारण भूरा B). कॉपर(II) क्लोराइड के कारण नीला-हरा C). जल निर्माण के कारण रंगहीन D). ऑक्सीजन निर्गमन के कारण लाल

**Correct Answer: B**

**Q.5** एक मोटर 30 s के लिए 85 W की शक्ति विकसित करती है। मोटर द्वारा किया गया कार्य कितना होगा?

Ans A). 2500 J B). 250 J C). 255 J D). 2550 J

**Correct Answer: D**

**Q.6** जब छुई-मुई (मिमोसा) के पादप की पत्तियों को स्पर्श किया जाता है, तो क्या होता है?

Ans A). वे रंग परिवर्तित कर लेती हैं B). वे पुष्प उत्पन्न करती हैं C). वे बड़ी हो जाती हैं D). वे मुड़ जाती हैं और नीचे झुक जाती हैं

**Correct Answer: D**

**Q.7** प्रयोगशाला सेटिंग में संतृप्त और असंतृप्त कार्बन यौगिकों के बीच विभेद करने के लिए कौन-सी विधि सबसे उपयुक्त होगी?

Ans A). रंग परिवर्तन अवलोकित करने के लिए ब्रोमीन जल के साथ परीक्षण करना B). थर्मामीटर से गलनांक मापना C). बन्सन बर्नर पर गर्म करना और ज्वाला के रंग का अवलोकन करना D). कॉपर सल्फेट विलयन के साथ मिलाना

**Correct Answer: A**

**Q.8** **एक कार विराम अवस्था से चलना शुरू करती है और धीरे-धीरे अपनी चाल बढ़ाती है। निम्नलिखित में से कौन-सा, इसके दूरी-समय ग्राफ का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). मूल-बिंदु से आरंभ होने वाली क्षैतिज रेखा B). घटती ढाल के साथ मूल-बिंदु से आरंभ होने वाला वक्र C). बढ़ती ढाल के साथ मूल-बिंदु से आरंभ होने वाला वक्र D). मूल-बिंदु से आरंभ होने वाली तथा नियत ढाल वाली सरल रेखा

Correct Answer: C

**Q.9** **नाभिक में प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों के कुल द्रव्यमान के आधार पर, विभिन्न तत्वों के परमाणुओं में अंतर करने के लिए किस गुणधर्म का उपयोग किया जाता है?**

Ans A). संयोजकता B). समस्थानिक अनुपात C). परमाणु संख्या D). परमाणु द्रव्यमान

Correct Answer: D

**Q.10** **एक उत्तल दर्पण की फोकस दूरी 20 cm है। यदि कोई वस्तु दर्पण से 40 cm की दूरी पर रखी जाए, तो प्रतिबिंब की प्रकृति और सापेक्ष आकार क्या होगा?**

Ans A). आभासी, वस्तु से छोटा B). वास्तविक, वस्तु से छोटा C). आभासी, वस्तु के बराबर आकार का D). वास्तविक, वस्तु से बड़ा

Correct Answer: A

**Q.11** **एक फुटबॉल खिलाड़ी एक गेंद को आगे की ओर किक करता है। बाद में, एक गोलकीपर गेंद को कैच करता है और उसे विराम अवस्था में लाता है।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**
**1. खिलाड़ी गेंद पर धनात्मक कार्य करता है।**
**2. गोलकीपर गेंद पर ऋणात्मक कार्य करता है।**
**3. किक के दौरान, बल और विस्थापन एक ही दिशा में होते हैं।**
**4. कैच के दौरान, बल और विस्थापन विपरीत दिशाओं में होते हैं।**

Ans A). केवल 2 और 3 B). केवल 1 और 2 C). केवल 1, 2 और 4 D). 1, 2, 3 और 4

Correct Answer: D

**Q.12** **जलवायु परिवर्तन से पश्चिमी घाट में वर्षा बढ़ जाती है और पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव आ जाता है। इस क्षेत्र की स्थानिक प्रजातियों पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव क्या हो सकता है?**

Ans A). स्थानिक प्रजातियां नए क्षेत्रों में फैल जाएंगी B). स्थानिक प्रजातियों की आबादी में वृद्धि होगी C). स्थानिक प्रजातियों को जीवित रहने और अनुकूलन करने में कठिनाई हो सकती है D). स्थानिक प्रजातियां प्रभावित नहीं होंगी

Correct Answer: C

**Q.13** **अमोनिया ($NH_3$) में, संयोजन करने वाले तत्व किस अनुपात में उपस्थित होते हैं?**

Ans A). 28:3 B). 7:3 C). 14:6 D). 14:3

Correct Answer: D

**Q.14** **कौन-सी घटना सर्वोत्तम रूप से वर्णन करती है कि दिन के समय आकाश नीला क्यों दिखाई देता है?**

Ans A). वायुमंडल में उपस्थित ओज़ोन नीले रंग को छोड़कर अन्य सभी रंगों को अवशोषित कर लेती है B). सूर्य के प्रकाश की छोटी तरंगदैर्ध्य, लंबी तरंगदैर्ध्य की तुलना में अधिक प्रकीर्णित होती हैं C). सूर्य दिन के समय मुख्यतः नीला प्रकाश उत्सर्जित करता है D). बादलों द्वारा सूर्य के प्रकाश के परावर्तन से नीला रंग बनता है

Correct Answer: B

**Q.15** **एक विद्यार्थी, एकसमान लंबाई और एकसमान अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल वाले तारों का उपयोग करके दो अलग-अलग पदार्थों की प्रतिरोधकता की तुलना करना चाहता है। उनकी प्रतिरोधकता निर्धारित करने के लिए कौन-सा मापन किया जाना चाहिए?**

Ans A). परिपथ में बल्ब की द्युति को मापना B). प्रत्येक तार के प्रतिरोध को मापना C). प्रत्येक तार के सिरों पर वोल्टता मापना D). प्रत्येक तार के द्रव्यमान को मापना

Correct Answer: B

**Q.16** **निम्नलिखित में से कौन-सा, विलयन का गुण नहीं है?**

Ans A). समान संघटन B). विलेय का नि:सादन न होना C). निस्यंदन द्वारा घटकों का पृथक्करण D). पारदर्शी रूप

Correct Answer: C

**Q.17** **जब तांबे को वायु में गर्म किया जाता है, तो यह ऑक्सीजन के साथ मिलकर एक काला ऑक्साइड बनाता है, जिसे ____________ कहा जाता है।**

Ans A). कॉपर (I) ऑक्साइड B). कॉपर (II) ऑक्साइड C). कॉपर (IV) ऑक्साइड D). कॉपर (III) ऑक्साइड

Correct Answer: B

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम स्पष्ट करता है कि चिकित्सा इमेजिंग (medical imaging) में अल्ट्रासाउंड का उपयोग कैसे किया जाता है?

Ans A). अल्ट्रासाउंड तरंगें ऊतकों से परावर्तित होकर मॉनिटर पर वास्तविक समय प्रतिबिंब बनाती हैं

B). मेडिकल इमेजिंग के लिए अल्ट्रासाउंड निम्न आवृत्ति वाली ध्वनि तरंगों का उपयोग करता है

C). इमेजिंग के लिए अल्ट्रासाउंड तरंगें बिना किसी परावर्तन के ऊतक से होकर गुजरती हैं

D). शरीर ऊतकों में ताप परिवर्तन को मापने के लिए अल्ट्रासाउंड का उपयोग किया जाता है

Correct Answer: A

**Q.19** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एकसमान त्वरण से गतिमान किसी वस्तु के लिए वेग-समय आरेख का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). यह वेग अक्ष के समानांतर सरल रेखा है B). यह ऊपर की ओर झुका हुआ वक्र है C). यह समय अक्ष के समानांतर क्षैतिज रेखा है

D). यह स्थिर ढाल युक्त सरल रेखा है

Correct Answer: D

**Q.20** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प जीव और भोजन अंतर्ग्रहण के लिए उपयोग होने वाले उसके देह अंग को युग्मित करता है?

Ans A). यूग्लीना - स्पर्शक B). पैरामीशियम - पक्ष्माभ (सिलिया) C). हाइड्रा - स्यूडोपोडिया D). अमीबा - कशाभ

Correct Answer: B

**Q.21** एककोशिकीय जीवों में पोषण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans A). पैरामीशियम अपने पृष्ठ के सभी भागों से भोजन निगलता है

B). अमीबा में भोजन का पाचन खाद्य रसधानियों के अंदर होता है

C). पैरामीशियम भोजन को एक निश्चित स्थान पर पक्ष्माभ की सहायता से ग्रहण करता है

D). अमीबा भोजन निगलने के लिए पादाभ का उपयोग करता है

Correct Answer: A

**Q.22** एक मौसमविज्ञान-संबंधी स्टेशन 60° दक्षिण के निकट पवनों के अभिसरण और उत्थान का पता लगाता है। दाब के संदर्भ में इस पैटर्न का सबसे संभावित परिणाम क्या है?

Ans A). विषुवतीय निम्न दाब क्षेत्र की स्थापना B). उप-ध्रुवीय निम्न दाब बेल्ट का निर्माण C). उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब बेल्ट का निर्माण D). उच्च दाब क्षेत्र का विकास

Correct Answer: B

**Q.23** तंत्रिका तंतुओं के माध्यम से अन्य कोशिकाओं से संवाद करने के लिए यात्रा करने वाले विशिष्ट सिग्नल को विशेष रूप से __________ के रूप में जाना जाता है।

Ans A). ऐक्सोन (Axon) B). हार्मोन (Hormone) C). तंत्रिका आवेग (Nerve impulse) D). उद्दीपन (Stimulus)

Correct Answer: C

**Q.24** यदि किसी चालक में प्रवाहित धारा को दोगुना कर दिया जाए, जबकि वह उसी चुंबकीय क्षेत्र के लंबवत बना रहे, तो चालक पर लगने वाला बल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans A). बल अपरिवर्तित रहता है B). बल चार गुना कम हो जाता है C). बल आधा हो जाता है D). बल दोगुना हो जाता है

Correct Answer: D

**Q.25** पादपों का कौन-सा भाग मुख्यत: मृदा से जल और खनिजों को अवशोषित करता है?

Ans A). तना B). पुष्प C). पत्ती D). जड़

Correct Answer: D

**Q.26** यदि 7-अंकीय संख्या 65873A8, 22 से पूर्णतः विभाज्य है, तो A का मान क्या है?

Ans A). 3 B). 1 C). 2 D). 7

Correct Answer: C

**Q.27** किसी यात्रा का एक तिहाई भाग 56 km/hr की चाल से तय किया जाता है, यात्रा का अगला एक तिहाई भाग 7 km/hr की चाल से तय किया जाता है और यात्रा का शेष भाग 14 km/hr की चाल से तय किया जाता है। संपूर्ण यात्रा की औसत चाल (km/hr में, 1 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितनी होगी?

Ans A). 13.6 B). 12.9 C). 7.9 D). 18.1

Correct Answer: B

**Q.28** किसी मूलधन पर वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 15% वार्षिक दर से 2 वर्षों में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ₹4,837.50 है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹14,000 B). ₹15,000 C). ₹12,000 D). ₹13,000

Correct Answer: B

**Q.29** एक मध्यम रूप से असममित बारंबारता-बंटन में, माध्य और बहुलक के मान क्रमशः 54.3 और 62.1 हैं। माध्यिका मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 56.9 B). 57.9 C). 55.7 D). 57.2

Correct Answer: A

Q.30 उस त्रिभुज की ऊँचाई ज्ञात कीजिए जिसका आधार उसकी ऊँचाई का एक-चौथाई है और उसका क्षेत्रफल 169 $cm^2$ है।

Ans A). 19.5 cm B). 26 cm C). $13\sqrt{6}$ cm D). $26\sqrt{2}$ cm

Correct Answer: D

Q.31 दो ट्रेनें एक ही स्टेशन से चलती हैं और एक ही दिशा में यात्रा करती हैं। यदि तेज़ ट्रेन 54 km/h की चाल से चलती है और 6 घंटे बाद दोनों ट्रेनों के बीच की दूरी 42 km हो जाती है, तो धीमी ट्रेन की चाल कितनी होगी?

Ans A). 45 km/h B). 47 km/h C). 50 km/h D). 48 km/h

Correct Answer: B

Q.32 ऋषि के पास ₹1,681 है, जिसे वह अपने दो पुत्रों, शान और पीयूष के बीच वितरित करता है। वह उन्हें निर्देश देता है कि वे अपनी-अपनी धनराशि को 5% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करें जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता हो। 13 वर्षों के बाद, शान के निवेश पर उतनी ही राशि प्राप्त होती है जितनी 14 वर्षों के बाद पीयूष के निवेश पर प्राप्त होती है। ज्ञात कीजिए कि ऋषि ने शान को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी।

Ans A). 711 B). 820 C). 861 D). 920

Correct Answer: C

Q.33 ₹10,000 की धनराशि पर 5% वार्षिक दर से 2 वर्ष का साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹1,000 B). ₹1,200 C). ₹1,500 D). ₹800

Correct Answer: A

Q.34 15 मजदूर एक दीवार 22 दिन में बना सकते हैं। उसी दीवार को बनाने में 12 मजदूरों को कितने दिन लगेंगे (यह मानते हुए कि उनकी कार्यक्षमता समान है)?

Ans A). 25 दिन B). 27.5 दिन C). 30 दिन D). 28.5 दिन

Correct Answer: B

Q.35 निम्नलिखित को सरल कीजिए:
$(2a + 3b)^2 - (2a - 3b)^2$

Ans A). 24ab B). 20ab C). 18ab D). 25ab

Correct Answer: A

Q.36 453, 397, 332 और 84 का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 336.5 B). 306.5 C). 316.5 D). 326.5

Correct Answer: C

Q.37 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों- I, II, III और IV पर एकसमान है।
कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 80% और 44% की दो क्रमिक छूट देती है, दुकान II, 58% और 62% की क्रमिक छूट देती है, दुकान III, 67% और 85% की क्रमिक छूट देती है, और दुकान IV, 41%, 91%, और 74% की क्रमिक छूट देती है।
कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). I B). IV C). III D). II

Correct Answer: B

Q.38 यदि $\tan\theta + \cot\theta = 2$ है, तो $\tan^2\theta + \cot^2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1 B). 4 C). 2 D). 0

Correct Answer: C

Q.39 यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य ₹500 है और उसे ₹400 में बेचा जाता है, तो हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 20% B). 80% C). 25% D). 100%

Correct Answer: A

Q.40 किसी शहर की जनसंख्या 80,000 से घटकर 72,000 हो गई। जनसंख्या में प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।

Ans A). 12% B). 15% C). 8% D). 10%

Correct Answer: D

Q.41 7 cm आधार त्रिज्या और 12 cm ऊंचाई वाले एक ठोस बेलन में समान आधार त्रिज्या और 8 cm ऊंचाई वाली एक शंक्वाकार गुहा है। शेष ठोस का आयतन ज्ञात कीजिए।
[π = 22/7 का उपयोग कीजिए और अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।]

Ans A). 1437.33 $cm^3$ B). 1417.33 $cm^3$ C). 1452.33 $cm^3$ D). 1402.33 $cm^3$

Correct Answer: A

Q.42 यदि निम्नलिखित डेटा का माध्य 45 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 41 | 46 | 28 | 12 | x |

Ans A). 243 B). 245 C). 250 D). 238

Correct Answer: A

Q.43 संख्या 252, 396 और 524 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 9 B). 36 C). 4 D). 12 **Correct Answer: C**

Q.44 पाइप A एक टंकी को 4 घंटे में पूर्णत: भर सकता है, पाइप B समान टंकी को 5 घंटे में पूर्णत: भर सकता है और पाइप C समान टंकी को 20 घंटे में पूर्णत: भर सकता है। सभी पाइप को एकसाथ चालू करने पर समान टंकी का आधा भाग भरने में उन्हें कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans** A). 4 B). 2 C). 3 D). 1 **Correct Answer: D**


Q.45 निम्नलिखित अनुपातों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।
2: 5, 3: 8, 5: 6, 4: 7

**Ans** A). 5 : 6 > 3:8 > 4 : 7 > 2 : 5 B). 5: 6 > 3:8 > 2: 5 > 4:7 C). 5 : 6 > 4 : 7 > 3 : 8 > 2 : 5 D). 5 : 6 > 4 : 7 > 2 : 5 > 3:8 **Correct Answer: D**

Q.46 यदि $\sin A = \frac{3}{5}$ है, तो $\sqrt{\frac{1 + \sin A}{1 - \sin A}} + \sqrt{\frac{1 - \sin A}{1 + \sin A}} + \sqrt{\frac{\sec A - \tan A}{\sec A + \tan A}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 7 B). 5 C). 3 D). 1 **Correct Answer: C**

Q.47 दिया गया लाइन ग्राफ़ वर्ष 2023 के पाँच अलग-अलग महीनों में दो शहरों A और B में पर्यटकों की संख्या (सैकड़ा में) दर्शाता है। ग्राफ़ का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।




शहर B में फरवरी से मई तक पर्यटकों की कुल संख्या और शहर A में जनवरी से फरवरी तक पर्यटकों की कुल संख्या के बीच क्या अनुपात है?

**Ans** A). 6:5 B). 3:2 C). 5:6 D). 2:3 **Correct Answer: B**


Q.48 तीन साझेदार P, Q और R, 5 : 4 : 3 के अनुपात में पूंजी निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं। एक वर्ष के अंत में, व्यवसाय को कुल ₹48,000 का लाभ प्राप्त होता है। यदि Q, 6 महीने बाद अपना निवेश निकाल लेता है, जबकि P और R पूरे वर्ष के लिए अपना निवेश व्यवसाय में बनाए रखते हैं, तो Q को कितना लाभ प्राप्त होना चाहिए?

**Ans** A). ₹6,000 B). ₹9,600 C). ₹12,000 D). ₹8,000 **Correct Answer: B**

Q.49 किसी वस्तु की कीमत में 36% की वृद्धि होती है। इस वृद्धि के बाद, उसमें 30% की कमी होती है। यदि वस्तु की अंतिम कीमत, उसकी मूल कीमत से ₹132 कम है, तो वस्तु की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹2,460 B). ₹2,940 C). ₹2,750 D). ₹2,280 **Correct Answer: C**

**Q.50** निम्नलिखित आकृति पर विचार कीजिए।




यदि $l_1 \parallel l_2$ और $l_3 \parallel l_4$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही है?

**Ans** A). **2Y°+ x° = 180°** B). **Y°+ 2x° = 180°** C). **2Y°= x°** D). **Y°+ x° = 180°**

**Correct Answer: A**

**Q.51** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
7 ÷ 36 × 4 − 27 + 13 = ?

**Ans** A). 77 B). 75 C). 81 D). 79

**Correct Answer: A**

**Q.52** प्रमोद बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 36 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 45 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएँ मुड़ता है और 41 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 56 km ड्राइव करता है। वह अंततः दाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

**Ans** A). 13 km, पूर्व में B). 10 km, पश्चिम में C). 11 km, पश्चिम में D). 15 km, पूर्व में

**Correct Answer: C**

**Q.53** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दोनों समुच्चयों के गणितीय संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
15-225-235-245
22-484-494-504

**Ans** A). 16-256-266-276 B). 21-441-461-471 C). 19-361-371-391 D). 18-324-314-304

**Correct Answer: A**

**Q.54** इस प्रश्न में, एक प्रश्न और उसके बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।
5 छड़ियों V, H, Y, D और N (प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग) में से कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?
(I) N केवल दो छड़ियों से लंबी है। D, N से लंबी है लेकिन Y से छोटी है।
(II) V, H से लंबी है।

**Ans** A). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

B). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है

**Correct Answer: A**

**Q.55** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएँ) 761 793 523 591 791 (दाएँ)
(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट- सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो कौन-सी संख्या परिणामी संख्या होगी?

**Ans** A). 11 B). 12 C). 14 D). 10

**Correct Answer: B**

**Q.56** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी तरह आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न में दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट - एक दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता; उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता।)
11 – 22 – 44 – 88 ; 13 – 26 – 52 – 104

**Ans** A). 15 – 30 – 60 – 120 B). 14 – 28 – 56 – 98 C). 16 – 32 – 64 – 100 D). 12 – 24 – 48 – 90

**Correct Answer: A**

**Q.57** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). PNL B). AYW C). ONK D). IGE

**Correct Answer: C**

**Q.58** शब्द COUTERY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

**Ans** A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

**Correct Answer: B**

**Q.59** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OQO :: HJH : %

**Ans** A). # = LPN , % = KMK B). # = LNL , % = KMK C). # = LNK , % = JLJ D). # = LNL , % = KLL

**Correct Answer: B**

**Q.60** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी शिक्षक, पेशेवर हैं।
सभी पेशेवर, डॉक्टर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ डॉक्टर, शिक्षक हैं।
(II) सभी शिक्षक, डॉक्टर हैं।

**Ans** A). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: A**

**Q.61** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
5 ÷ 2 + 12 × 4 – 3 = ?

**Ans** A). 12 B). 9 C). 8 D). 10

**Correct Answer: D**

**Q.62** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : PSX :: EHM : %

**Ans** A). # = OIU , % = KIP B). # = MOI , % = IJP C). # = MPU , % = HKP D). # = MNU , % = PLP

**Correct Answer: C**

**Q.63** निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**195 201 213 231 255 ?**

**Ans** A). 277 B). 285 C). 292 D). 279

**Correct Answer: B**

---

**Q.64** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

**(बाएं) O G © K S 6 C % J 2 7 7 Y M & W 1 $ Y © € © (दाएं)**

यदि सभी प्रतीकों को श्रृंखला से हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से छठे स्थान पर होगा?

**Ans** A). 7 B). C C). J D). 6

**Correct Answer: B**

---

**Q.65** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
सभी कप, कटोरे हैं।
कोई भी कप, टैंक नहीं है।

**निष्कर्ष:**
(I) कुछ टैंक, कटोरे हैं।
(II) सभी कटोरे, टैंक हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

---

**Q.66** गौरव अपनी कक्षा में शीर्ष से 14वें स्थान पर और नीचे से 98वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

**Ans** A). 111 B). 112 C). 113 D). 110

**Correct Answer: A**

---

**Q.67** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएँ) 264 591 267 173 761 (दाएँ)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।
यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

**Ans** A). 14 B). 15 C). 13 D). 17

**Correct Answer: A**

---

**Q.68** किसी निश्चित कूट भाषा में,

A ^ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A ! B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A £ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A € B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ! Q € S £ T ^ U' है, तो P का U से क्या संबंध है?

**Ans** A). पत्नी का भाई B). माता C). पुत्री D). पत्नी

**Correct Answer: A**

---

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से FKSU का संबंध ZEMO से है। उसी प्रकार, JMQL का संबंध DGKF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NYBO का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans** A). ISUI B). HTVJ C). HSVI D). ISUJ

**Correct Answer: C**

---

**Q.70** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

**(बाएं) L B I R P N U U S J Y U U A P Z I A X A O E (दाएं)**

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर है?

**Ans** A). 5 B). 3 C). 4 D). 6

**Correct Answer: C**

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M # E % W – P @ K' है, तो M का K से क्या संबंध है?

Ans A). माता की बहन का पुत्र B). माता के भाई का पुत्र C). माता का पुत्र D). भाई का पुत्र

Correct Answer: B

Q.72 E, F, G, H, L और M एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। M के नीचे सिर्फ H रहता है। G के ऊपर सिर्फ L रहता है। G के ठीक नीचे E रहता है। F और H के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.73 यदि शब्द BUSGIRL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). दो D). तीन

Correct Answer: B

Q.74 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) C N M + M & % F $ # S @ B H J $ H & J K + (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी अक्षर हटा दिए जाएं, तो निम्न में से कौन-सा, दाएं से सातवां होगा?

Ans A). # B). % C). @ D). +

Correct Answer: B

Q.75 संख्या 354892716 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans A). एक भी नहीं B). तीन C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.76 P, Q, R, S, T और U, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S, Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q के दाईं ओर से गिनने पर Q और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, T के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। U, S के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। P के दाईं ओर ठीक पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans A). U B). Q C). S D). R

Correct Answer: D

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). NP–QS B). GI–IN C). BD–EG D). JL–MO

Correct Answer: B

Q.78 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख लोगों की एक पंक्ति में, ग्यालमु दाएं छोर से 9वें स्थान पर है। अकोल दाएं छोर से 11वें स्थान पर है। अकोल, ग्यालमु और विक्टोरिया के ठीक बीच में है। यदि विक्टोरिया पंक्ति के बाएं छोर से दूसरे स्थान पर है, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं?

Ans A). 12 B). 14 C). 11 D). 13

Correct Answer: B

Q.79 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
WBE REJ MHO HKT ?

Ans A). DNZ B). DMX C). CNY D). BMT

Correct Answer: C

Q.80 छह मित्र, C, D, E, O, P और Q, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर D बैठा है। Q के बाईं ओर से गिनने पर E और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O के दाईं ओर से गिनने पर O और P के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). E B). P C). D D). Q

Correct Answer: B

**Q.81** **2026 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखे गए विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभ्यास को कहाँ आयोजित किया गया था?**

Ans A). पश्चिम बंगाल B). उत्तर प्रदेश C). बिहार D). तमिलनाडु

Correct Answer: C

**Q.82** **2026 AFC वूमेंस एशियन कप (Women's Asian Cup) फ़ुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी किस देश ने की थी?**

Ans A). दक्षिण कोरिया B). जापान C). ऑस्ट्रेलिया D). चीन

Correct Answer: C

**Q.83** **8 मार्च 2026 को मनाए गए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की आधिकारिक थीम क्या थी?**

Ans A). अधिकार और न्याय के साथ-साथ हर महिला और बालिका के सशक्तिकरण के लिए वास्तविक कार्रवाई (Rights. Justice. Action. For ALL Women and Girls.)

B). महिलाओं में निवेश : प्रगति में तेजी लाएं (Invest in Women: Accelerate Progress)

C). डिजिटऑल: लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी (DigitALL: Innovation and Technology for Gender Equality)

D). मैं पीढ़ीगत समानता हूँ: महिलाओं के अधिकारों को साकार करना (I am Generation Equality: Realizing Women's Rights)

Correct Answer: A

**Q.84** **27.01.2026 को यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा के दौरान किन दो संगठनों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?**

Ans A). यूरोपियन सिक्योरिटी एंड मार्केट अथॉरिटी तथा भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

B). यूरोपियन सिक्योरिटी एंड मार्केट अथॉरिटी तथा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक

C). भारतीय स्टेट तथा और यूरोपियन बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट

D). भारतीय रिजर्व बैंक तथा यूरोपियन सिक्योरिटी एंड मार्केट अथॉरिटी

Correct Answer: D

**Q.85** **UN जलवायु शिखर सम्मेलन में जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (CCPI) 2026 के अनुसार, भारत 13 स्थानों की गिरावट के साथ किस विशिष्ट स्थान पर है?**

Ans A). 35वें स्थान B). 23वें स्थान C). 10वें स्थान D). 15वें स्थान

Correct Answer: B

**Q.86** **मई 2026 में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?**

Ans A). रजनीकांत B). उदयनिधि स्टालिन C). सी. जोसेफ विजय D). कमल हसन

Correct Answer: C

**Q.87** **जून 2026 में, DRDO और भारतीय वायु सेना ने किस स्वदेशी वायु-से-सतह (air-to-surface) मिसाइल का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया?**

Ans A). रुद्र एम-II (RudraM-II) B). रुद्र एम-I (RudraM-I) C). रुद्र एम-IV (RudraM-IV) D). रुद्र एम-III (RudraM-III)

Correct Answer: A

**Q.88** **27 मई, 2026 को किस राज्य की विधानसभा ने समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026 पारित किया, और उत्तराखंड व गुजरात के बाद ऐसा विधि निर्माण अधिनियमित करने वाला भारत का तीसरा राज्य बन गया?**

Ans A). तेलंगाना B). असम C). पश्चिम बंगाल D). हिमाचल प्रदेश

Correct Answer: B

**Q.89** **मई 2026 में, ब्रिक्स (BRICS) विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी किस देश ने की थी?**

Ans A). चीन B). भारत C). रूस D). ब्राज़ील

Correct Answer: B

**Q.90** **मई 2026 में केंद्र सरकार के किस मंत्रालय ने 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक हेल्थ चेक-अप की शुरुआत की?**

Ans A). सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय B). स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय C). श्रम एवं रोजगार मंत्रालय D). ग्रामीण विकास मंत्रालय

Correct Answer: C

**Q.91** **मई 2026 में म्यूनिख में आयोजित SSF विश्व कप में महिलाओं की 25-m पिस्टल स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला निम्नलिखित में से कौन हैं?**

Ans A). सुरुचि सिंह B). राही सरनोबत C). मनु भाकर D). ईशा सिंह

Correct Answer: D

**Q.92** **2026 में, भारत सरकार ने गंगा नदी पारितंत्र के लिए नई जलीय जैवविविधता संरक्षण पहल की शुरुआत करके "नमामि गंगे मिशन" का विस्तार किया। यह पहल किस संधारणीय विकास लक्ष्य (SDG) से सबसे प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी है?**

Ans A). SDG 14 – जल के नीचे जीवन B). SDG 5 – लैंगिक समानता C). SDG 8 – सम्मानजनक कार्य और आर्थिक विकास

D). SDG 16 – शांति, न्याय और मजबूत संस्थाएं

Correct Answer: A

**Q.93 भारतीय फिल्म संगीत के किस दिग्गज गायक/गायिका का 92 वर्ष की आयु में अप्रैल 2026 में निधन हो गया?**

Ans A). किशोर कुमार B). मोहम्मद रफी C). आशा भोसले D). लता मंगेशकर

Correct Answer: C

**Q.94 इसरो द्वारा घोषित IMEx-2026, वैज्ञानिकों और स्टार्टअप को किस विशेष स्थिति में प्रयोग करने का अवसर प्रदान करता है?**

Ans A). उच्च ऊंचाई वाला वायुमंडलीय परीक्षण B). मरुस्थलीय जलवायु अनुकरण C). गहरे समुद्र में दाब की स्थिति D). सूक्ष्मगुरुत्व की स्थिति

Correct Answer: D

**Q.95 मई 2026 में, एथलेटिक्स फेडरेशन कप (Athletics Federation Cu) की 100 m दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर किसने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया?**

Ans A). तेजस्विन शंकर B). गुरिंदरवीर सिंह C). राजिंदर सिंह D). अनिमेष कुजूर

Correct Answer: B

**Q.96 भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में वरिष्ठ नेतृत्व नियुक्तियों के संबंध में, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 में कौन-सा प्रमुख सुधार प्रस्तुत किया गया है?**

Ans A). कांस्टेबल स्तर के कम से कम 50% पदों को पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए

B). सभी महानिरीक्षक पदों को प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से भरा जाना चाहिए C). महानिदेशक पदों को केवल राज्य पुलिस पदोन्नतियों के माध्यम से भरा जा सकता है

D). सभी विशेष महानिदेशक और महानिदेशक पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जाना चाहिए

Correct Answer: D

**Q.97 निम्नलिखित में से किसे सार्वजनिक मामलों में उनके योगदान के लिए जनवरी 2026 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था?**

Ans A). धर्मेंद्र सिंह देओल B). एन. राजम C). पी. नारायणन D). के. टी. थॉमस

Correct Answer: D

**Q.98 मई 2026 में भारतीय जनता पार्टी (BJP) के शुभेंदु अधिकारी (Suvendu Adhikari) को किस राज्य का मुख्यमंत्री नामित किया गया था?**

Ans A). ओडिशा B). गुजरात C). महाराष्ट्र D). पश्चिम बंगाल

Correct Answer: D

**Q.99 आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 के अनुसार, भारत में किस स्वास्थ्य स्थिति को तीव्र आविर्भावी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती और एक महत्वपूर्ण सामाजिक चिंता के रूप में हाइलाइट किया गया था?**

Ans A). यक्ष्मा (Tuberculosis) B). अरक्तता (Anaemia) C). स्थूलता (Obesity) D). कुपोषण (Malnutrition)

Correct Answer: C

**Q.100 पुरुष T20 विश्व कप 2026 के दौरान, कौन-सी टीम एक ही T20 टूर्नामेंट में 100 से अधिक छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी?**

Ans A). न्यूजीलैंड B). इंग्लैंड C). ऑस्ट्रेलिया D). भारत

Correct Answer: D

"